

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्व अर्जन से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

# सभी विभाग कर चोरी करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करें-भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने राजस्व अर्जन वाले विभागों की समीक्षा बैठक ली व निरंतर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए

जयपुर, 17 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के समग्र विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजस्व संग्रहण प्रक्रिया को अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2026-27 के राजस्व अर्जन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्ययोजना के अनुरूप कार्य करने तथा नवाचार एवं तकनीक अपनाने के लिए भी निर्देशित किया है।

■ **समीक्षा बैठक में बताया गया कि अप्रेल 2026 में 11 हजार 235 करोड़ रूपए की कुल राजस्व प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष अप्रेल माह की तुलना में 15.71 प्रतिशत अधिक है।**

मुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्व अर्जन से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने सभी विभागों को कर चोरी करने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, कार्ययोजना बनाकर राजस्व से संबंधित केसों के पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने मुख्य सचिव को राजस्व प्राप्ति प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण में वृद्धि के लिए नगरीय विकास एवं आवासन विभाग विशेष कार्ययोजना बनाकर काम करें। उन्होंने वाणिज्यिक कर विभाग को ऑडिट केसों की समीक्षा करने के लिए निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने खान विभाग को राजस्व वृद्धि के लिए अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने, गाड़ियों में जीपीएस इंस्टॉलेशन कार्य में तेजी लाने तथा बंद पड़ी खानों को नीलाम करने के निर्देश दिये।

उन्होंने आबकारी विभाग को पिछले वर्षों की बकाया वसूली में तेजी लाने तथा अवैध शराब पर ठोस कार्रवाई के लिए मुखबिरों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग को ऑनलाइन ई-पंजीयन प्रक्रिया को बढ़ावा देकर राजस्व अर्जन में वृद्धि करने तथा डीआईजी कार्यालयों में प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में बताया गया कि अप्रेल 2026 में 11 हजार 235 करोड़ रुपये की कुल राजस्व प्राप्ति हुई है, जो कि पिछले वर्ष अप्रेल माह की तुलना में 15.71 प्रतिशत अधिक है।

बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया, प्रमुख शासन सचिव राजस्व एवं उपनिवेशन टी. रविकान्त, प्रमुख शासन सचिव परिवहन भवानी सिंह देथा, शासन सचिव श्रम पूर्ण चन्द्र किशन, आयुक्त वाणिज्यिक कर आनन्दी, शासन सचिव वित्त (राजस्व) कुमार पाल गौतम, आयुक्त आबकारी नमित मेहता, आयुक्त परिवहन पुरुषोत्तम शर्मा, महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक शरद मेहरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तेलंगाना के थर्मल पावर स्टेशन में आग लगी, कोई जन-हानि नहीं

हैदराबाद, 17 मई। राज्य के नलगोंडा स्थित यादाद्री अल्ट्रा मेगा थर्मल पावर स्टेशन में भीषण आग लग गई। इसमें अभी तक किसी जानहानि की सूचना नहीं है। कर्मचारियों की सतर्कता से आग पर काबू पा लिया गया है।तेलंगाना पावर जेनेरेशन कार्पोरेशन ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

बताया गया कि रविवार को यादद्री अल्ट्रा मेगा थर्मल पावर स्टेशन (वाईएटीपी) के संयंत्र में यूनिट 3 के स्थान पर टरबाइन-चालित बॉयलर फीड पंप के पास आग भड़की थी। आग लगते ही संयंत्र में काम कर रहे कर्मचारी और अधिकारी अपनी जान बचाने के लिए वहां से भाग निकले। हालांकि, संयंत्र के कर्मचारियों की सतर्कता से आग पर काबू पा लेने के कारण टरबाइन और बॉयलर सहित मुख्य उपकरण आग की चपेट में आने से बच गए।

प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि पंप में लुब्रिकेशन ऑयल के रिसाव के कारण आग लगी थी। तेल रिसाव के कारण संयंत्र क्षेत्र में घना धुआं फैल गया।

# कोलकाता में सरकार की "बुलडोज़र कार्यवाही" के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों के पथराव में तीन पुलिसकर्मी घायल, कई वाहन क्षतिग्रस्त

कोलकाता, 17 मई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि कोलकाता के तिलजला में हाल ही में हुई 'बुलडोजर कार्रवाई' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन रविवार को हिंसक हो गया। पार्क सर्कस इलाके में प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया, जिसमें कम से कम तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए और कई वाहनों को नुकसान पहुंचा।

■ **कोलकाता के तिलजला क्षेत्र की फैक्ट्री में आग से दो लोगों की मृत्यु के बाद प.बंगाल सरकार ने गत बुधवार को उस क्षेत्र में अवैध ढांचों को गिराने के लिए "बुलडोज़र" कार्यवाही की थी।**

तिलजला में एक फैक्टरी में आग लगने की घटना में दो लोगों की मौत के बाद बंगाल सरकार ने पिछले बुधवार को इलाके में अवैध ढांचों को गिराने के लिए 'बुलडोजर कार्रवाई' की थी।

अधिकारियों के मुताबिक, "अतिक्रमण हटाओ" अभियान के विरोध में लोग पार्क सर्कस सेवन प्वाइंट क्रासिंग के पास इकट्ठा हुए और सड़कों को अवरुद्ध करने की कोशिश की। जब पुलिस ने गैरकानूनी रूप से जुटी भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश की, तो उसमें शामिल कुछ लोग पथराव करने लगे, जिससे इलाके में अराजकता फैल गई।

पथराव के दौरान सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं, जिनमें केन्द्रीय बलों को ले जाने वाले वाहन भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि घटना के बाद बड़ी संख्या में कोलकाता पुलिस और केन्द्रीय बलों के जवानों को इलाके में तैनात किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जवानों ने हालात को और बिगड़ने से रोकने तथा सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए तिलजला और आसपास के इलाकों में गश्त लगाई।

कोलकाता पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त आशीष बिस्वास ने कहा कि हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बिस्वास ने कहा कि हिंसा के सिलसिले में हमने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि उन्होंने संख्या नहीं बताई।

# नीट पेपर लीक की आरोपी मनीषा मंधारे को सीबीआई हिरासत में भेजा

## एनटीए की पेपर सेट करने के पैनल की सदस्य मनीषा मथुरा के होटल में पकड़ी गई

नई दिल्ली, 17 मई। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार एक और आरोपित मनीषा मंधारे को 14 दिनों की केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेज दिया है। स्पेशल जज कोलेट रश्मि कुजूर ने उन्हें 14 दिनों की सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

नीट पेपर लीक मामले में मनीषा मंधारे नौवीं आरोपी हैं। मनीषा मंधारे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से प्रश्न पत्र सेट करने वाले पैनल में थी। मनीषा को उत्तर प्रदेश में मथुरा के एक होटल से गिरफ्तार किया गया। मनीषा मंधारे पर आरोप है कि उसने नीट पेपर प्रश्न पत्र को लीक करने के लिए केमिस्ट्री टीचर पीवी राव और मनीषा वाघमारे के साथ साजिश रची। पीवी राव और मनीषा वाघमारे को कोर्ट ने 16 मई को 10 दिनों की सीबीआई हिरासत में भेजा था।

■ **मनीषा मंधारे नीट पेपर लीक मामले की नौवीं आरोपी है। उस पर केमिस्ट्री टीचर पीवी राव और मनीषा वाघमारे के साथ नीट परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप है।**

इसके पहले कोर्ट ने 15 मई को धनंजय लोखंडे को 6 दिनों की सीबीआई हिरासत में भेजा था। आरोप है कि मनीषा वाघमारे ने धनंजय लोखंडे को नीट के प्रश्न पत्र दिए। बाद में धनंजय लोखंडे ने शुभम खैरवार को प्रश्नपत्र दिए। कोर्ट ने 14 मई को पांच आरोपियों को सात दिनों की सीबीआई हिरासत में भेजा था। 14 मई को कोर्ट ने जिन पांच आरोपियों को सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया था, उनमें नासिक के शुभम खैरनार, जयपुर के मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल और गुरुग्राम से यश यादव शामिल हैं। शुभम खैरनार को 13 मई को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था, जहां से उसे दो दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया था। शुभम खैरनार महाराष्ट्र के नासिक का रहने वाला है।

सीबीआई के मुताबिक 3 मई को नीट की परीक्षा के पहले ही प्रश्न पत्र पीडीएफ फॉर्मेट में व्हाट्सऐप और टेलिग्राम के जरिये सर्कुलेट कर दिया गया। इस मामले में एनटीए के उच्च शिक्षा विभाग के डायरेक्टर वरुण भारद्वाज की शिकायत पर सीबीआई ने 12 मई को एफआईआर दर्ज की थी।

# दो बार नीट प्रश्न पत्र लीक हुआ, शिक्षा मंत्री को क्यों नहीं हटाते- राहुल गांधी

## उन्होंने कहा, दोनों बार जाँच सीबीआई को सौंपी गई किन्तु शिक्षा मंत्री पर कार्यवाही नहीं हुई

नई दिल्ली, 17 मई। नीट-यूजी परीक्षा पत्र लीक मामले को लेकर सियासी विवाद लगातार गहराता जा रहा है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर केन्द्र सरकार और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान पर निशाना साधते हुए उनका इस्तीफा मांगा है।

■ **लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हर बार जाँच एजेंसियों और समितियों के गठन के बावजूद परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं हो पा रहा।**

राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि वर्ष 2024 और 2026 दोनों में नीट परीक्षा पत्र लीक हुआ, लेकिन शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि हर बार जांच एजेंसियों और समितियों के गठन के बावजूद परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं हो पा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि वर्ष 2024 में नीट परीक्षा पत्र लीक हुआ था, परीक्षा रद्द नहीं हुई, मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया और मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी गई थी। वर्ष 2026 में भी परीक्षा पत्र लीक हुआ, परीक्षा रद्द करनी पड़ी, फिर से सीबीआई जांच कर रही है और एक अन्य समिति गठित की जा रही है। उन्होंने कहा कि बार-बार परीक्षा पत्र लीक क्यों हो रहे हैं, इस मुद्दे पर सरकार चुप क्यों है और लगातार विफल हो रहे शिक्षा मंत्री को पद से क्यों नहीं हटाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा तीन मई को आयोजित की गई थी। परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक होने के आरोप सामने आने के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने परीक्षा रद्द कर दी थी।

इसके बाद केन्द्र सरकार ने मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी। जांच एजेंसी ने मामले में अब तक कई आरोपियों की गिरफ्तारी की है। जांच में प्रश्नपत्र लीक, अभ्यर्थियों से धन वसूली और विशेष कोचिंग सत्रों के माध्यम से प्रश्न उपलब्ध कराने जैसे आरोपों की पड़ताल की जा रही है।

## राष्ट्रपति 25 मई को पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी

नई दिल्ली, 17 मई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 मई को 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले पहले नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार प्रदान करेंगी।

इस वर्ष भारत सरकार ने कुल 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की है, जिनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। इनमें 19 महिलाएं हैं, जबकि 16 व्यक्तियों को मरणोपरांत सम्मान दिया जाएगा।

■ **इस बार 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण तथा 113 पद्म श्री सम्मान दिए जाएंगे।**

पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं। इन्हें वर्ष 1954 में शुरू किया गया था। ये हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाते हैं और कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, सार्वजनिक जीवन तथा व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं।

# रविवार को यूक्रेन ने रूस पर बड़ा ड्रोन हमला किया

कीव, 17 मई। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच रविवार को यूक्रेन ने रूस पर बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। इस हमले में मॉस्को के आसपास कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। इसे युद्ध शुरू होने के बाद रूस पर किए गए सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक माना जा रहा है। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में स्थित खिमकी शहर में एक ड्रोन रिहायशी मकान से टकरा गया, जिससे एक महिला की मौत हो गई। वहीं राजधानी से करीब 10 किलोमीटर दूर पोगोरेलकी गांव में दो लोगों की जान चली गई।

■ **मॉस्को के पास खिमकी शहर व पोगोरेलकी गाँव में ड्रोन हमले से तीन लोगों की मौत**

स्थानीय प्रशासन के अनुसार, हमले में कई बहुमंजिला इमारतों और अहम ढांचों को नुकसान पहुंचा है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि शहर के ऑयल रिफाइनरी इलाके के पास हुए हमले में कम से कम 12 लोग घायल हुए हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि रिफाइनरी की मुख्य तकनीकी व्यवस्था को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी एयर डिफेंस प्रणाली ने रातभर में 556 ड्रोन नष्ट कर दिए। वहीं पिछले 24 घंटों में 1000 से अधिक ड्रोन को मार गिराने या जाम करने का दावा भी किया गया है। समाचार एजेंसी टीएएसएस के अनुसार, मॉस्को की ओर बढ़ रहे 81 ड्रोन को भी रूसी सुरक्षा बलों ने रास्ते में ही रोक दिया।

रूस के सबसे बड़े एयरपोर्ट शेरमेत्येवो ने बताया कि ड्रोन का मलबा एयरपोर्ट परिसर में गिरा, लेकिन इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। उधर यूक्रेन ने दावा किया कि रूस ने भी रातभर में 287 ड्रोन से हमला किया, जिनमें से अधिकांश को मार गिराया गया। यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं के अनुसार, ड्नीप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में कई रिहायशी इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं और कम से कम 8 लोग घायल हुए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में 38 ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या अब 34 से बढ़ कर 38 हो गई है। इस कुल संख्या में भारत के मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हैं। कानूनविदों का मानना है कि जजों की संख्या बढ़ने से अदालती कार्यवाही में तेजी आएगी। इसके साथ ही देश के नागरिकों को न्याय मिलने में होने वाली देरी को भी कम किया जा सकेगा।

■ **सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने का अध्यादेश जारी।**

सुप्रीम कोर्ट में पिछले कुछ समय से मुकदमों की संख्या में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। मामलों के त्वरित निपटारे के लिए लंबे समय से जजों की संख्या बढ़ाने की मांग की जा रही थी। इस अध्यादेश के माध्यम से सरकार ने न्याय व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया है। जजों के चार नए पद जुड़ने से अब बड़ी संवैधानिक पीठों का गठन आसानी से हो सकेगा। इसके साथ ही, नियमित मामलों की सुनवाई की गति भी तेज हो जायेगी।

## धार की ऐतिहासिक भोजशाला में विधिवत पूजा शुरू

भोपाल/धार, 17 मई। मध्य प्रदेश के धार जिले की ऐतिहासिक भोजशाला में रविवार सुबह नई व्यवस्था के तहत विधि-विधान से पूजा-अर्चना शुरू की गई। पूजा की शुरुआत से पहले पूरे परिसर और गर्भगृह को गोमूत्र छिड़ककर पवित्र व शुद्ध किया गया। इसके बाद गर्भगृह को रंगोली और फूलों से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया।

इस दौरान बरसों पुरानी परंपरा को निभाते हुए भोजशाला परिसर के बाहर स्थित ज्योति मंदिर की अखंड ज्योत को गर्भगृह में लाकर स्थापित किया गया और सूर्य भगवान की पहली किरण के साथ ही पूरा परिसर मंत्रोच्चार से गूंज उठा। कई भक्तों ने नृत्य कर अपनी खुशी व्यक्त की । इससे पहले शनिवार शाम केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर और मांडू के संत महामंडलेश्वर निसर्ग दास जी महाराज भोजशाला पहुंचे और पूजा-अर्चना की।

भोज उत्सव समिति के महामंत्री सुमित चौधरी ने बताया कि रविवार सुबह से ही देवी अनुष्ठान और शुद्धिकरण का दौर चल रहा है। अब भोजशाला को एक भव्य और नए स्वरूप में विकसित करने की पूरी तैयारी है। राज्य सरकार ने भी स्पष्ट किया है कि भोजशाला को उसके प्राचीन और गौरवशाली वैभव के साथ दोबारा संवारा जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उनकी यात्रा का उद्देश्य भारत और स्वीडन के बीच व्यापार, निवेश, नवाचार और रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि वे स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन से मुलाकात करेंगे।

दोनों नेताओं के बीच भारत-स्वीडन मित्रता को नई दिशा देने पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, नवाचार और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष ध्यान रहेगा।

प्रधानमंत्री ने अपने एक अन्य संदेश में कहा कि वे स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लेयेन के साथ 'यूरोपीय व्यापार गोलमेज सम्मेलन' में यूरोप के प्रमुख उद्योगपतियों और व्यापारिक नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

## रविवार को यूएई ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के आधिकारिक बयान में इस हमले के लिए सीधे तौर पर किसी भी देश या संगठन को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है। इसके अलावा, वियना स्थित संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भी अभी तक इस मामले पर कोई त्वरित टिप्पणी नहीं की है।

यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब होर्मुज़ पर ईरान का सख्त नियंत्रण बना हुआ है। यह जलमार्ग वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। युद्ध से पहले दुनिया का एक-चौथाई तेल और प्राकृतिक गैस इसी रास्ते से होकर गुजरता था, जो अब पूरी तरह बाधित है। इसके जवाब में, अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी जारी रखी है। दूसरी ओर, संघर्ष विराम को स्थायी बनाने के लिए चल रही बातचीत में कोई प्रगति नहीं हो पा रही है।

## गिरफ्तार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अपने प्रशिक्षण से बिल्कुल अलग लगी। इसी दौरान उसकी मुलाकात स्थानीय लोगों से हुई और उसे हेयर ट्रांसप्लांट के बारे में जानकारी मिली। आतंकी ने बताया कि लंबे समय से बाल झड़ने की समस्या से वह परेशान था और इसी कारण उसने श्रीनगर में हेयर रेस्टोरेशन प्रक्रिया करवाई।

अधिकारियों के अनुसार, उस्मान जट का मकसद जम्मू-कश्मीर में आतंकी स्लीपर सेल तैयार करना और कई हमलों को अंजाम देना था। वह उत्तर और मध्य कश्मीर में सक्रिय था और अन्य आतंकियों के संपर्क में भी था। जांच एजेंसियों ने उसके संपर्क के आधार पर कई ओवर ग्राउंड वर्कर्स नेटवर्क का भी खुलासा किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दिया गया है। एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि यह नेटवर्क कितना बड़ा था और इसके तार किन-किन राज्यों तक जुड़े हैं। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आतंकी फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड और पासपोर्ट बनवाकर भारत से फरार होने की योजना बना रहा था।

# 'मुझे विजय से कोई जलन नहीं, मेरी शुभकामनाएँ उसके साथ हैं'

चेन्नई, 17 मई। साउथ सुपरस्टार विजय अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बन चुके हैं। जहां पहले फैंस उन्हें थलपति के नाम से जानते थे, वहीं अब उनकी पहचान राज्य के नए सीएम के तौर पर हो रही है। जब से विजय तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने हैं, सुपरस्टार रजनीकांत को लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि रजनीकांत सीएम विजय से जलते हैं, जिस पर अब खुद सुपरस्टार रजनीकांत ने रिएक्ट किया है।

■ **सुपर स्टार रजनीकांत ने प्रैस कॉन्फ्रैंस कर जलन की अफवाह को गलत बताया।**

रजनीकांत ने 17 मई को चेन्नई स्थित अपने घर में प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी। इस दौरान उन्होंने उन अफवाहों पर रिएक्ट किया, जिनमें दावा किया जा रहा है कि रजनीकांत सीएम विजय से जलते हैं। सुपरस्टार ने कहा, अगर मैं इन अफवाहों पर कोई जवाब नहीं देता, तो लोग इन्हें ही सच मान लेंगे। चुनाव के नतीजे आने के बाद मैं एमके स्टालिन (तमिलनाडु के एक्स सीएम) से मिलने गया था, जिस पर लोगों ने काफी आलोचना की। हमारी दोस्ती राजनीति से कहीं ऊपर है। रजनीकांत कहते हैं, विजय और मेरे बीच 25 साल का फासला है। अगर हम दोनों आपस में मुकाबला करेंगे, तो ये अच्छा नहीं लगेगा।

रजनीकांत ने विजय की तारीफ़ करते हुए कहा, 52 साल की उम्र में उन्होंने एमजी रामचंद्रन और जूनियर एनटीआर से भी ज़्यादा हासिल किया है। उन्होंने केन्द्र में भाजपा और राज्य की दो पार्टियों का सामना किया और उन्हें हराया। मैं खुद हैरान था। कोई जलन नहीं है। विजय से बहुत उम्मीदें हैं और मेरी शुभकामनाएं उनके साथ हैं।

# जयपुर की पॉम कोर्ट कॉलोनी में पहुँचा लेपर्ड

जयपुर, 17 मई। राजधानी के जगतपुरा क्षेत्र में एक बार फिर लेपर्ड की दस्तक से लोगों में दहशत फैल गई। पॉम कोर्ट कॉलोनी में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब 2:30 बजे लेपर्ड घूमता नजर आया। उसकी गतिविधियां कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गईं, जिनका वीडियो रविवार को सामने आया।

■ **नाइट पेट्रोलिंग टीम ने लेपर्ड को सुरक्षित पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया।**

स्थानीय लोगों के अनुसार, लेपर्ड काफी देर तक कॉलोनी के अंदरूनी हिस्सों में घूमता रहा। घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है और लोग देर रात घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं।

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई।



वन विभाग के रेंजर जितेन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में नाइट पेट्रोलिंग टीम को सक्रिय कर दिया गया है तथा लेपर्ड को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए पिंजरा भी लगाया गया है।

वन विभाग के अनुसार, गर्मी के मौसम में पानी और भोजन की तलाश में लेपर्ड कई बार रिहायशी क्षेत्रों की ओर आ जाते हैं। जगतपुरा क्षेत्र झालाना वन क्षेत्र के नजदीक होने के कारण यहां लेपर्ड की आवाजाही की संभावना बनी रहती है। इससे पहले भी आसपास के इलाकों में लेपर्ड का मूवमेंट देखा जा चुका है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908